केन्द्रीय विद्यालय संगठन,लखनऊ संभाग
सत्रांत परीक्षा **2022 – 23**
विषय – हिंदी (आधार)
विषय कोड – **302**
कक्षा –**11** वीं

अधिकतम अंक – **80**
निर्धारित समय – **3** घंटे

सामान्य और आवश्यक निर्देश –

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं – खंड'अ' और खंड 'ब' ।
2. खंड 'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
3. खंड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
5. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
6. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | खड-अ (वस्तुपरक प्रश्न) | |
| | प्रश्न-**1.** | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- | **(1x 10=10)** |
| | **I** | जिस समय लोकमान्य तिलक ने राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखा, उस समय पूरा देश 'चैतन्यहीन' और 'स्वत्वहीन' हो चुका था। देश के करोड़ों निवासी जंगल के सूखे पत्तों की तरह अस्त-व्यस्त थे। उनमें जीवन नहीं था, एकता नहीं थी, उनका आत्मविश्वास मर चुका था। उनके मन में यह भरा जा चुका था कि अंग्रेज़ी साम्राज्य इस देश पर सदा शासन करने वाला है। इस परिस्थिति को बदलने की आवश्यकता तिलक ने महसूस की। उन्होंने उन्हीं असंगठित पत्तों जैसे लोगों को इकट्ठा किया और उनमें राष्ट्रीय स्वातंत्र्य के लिए संकल्प जगाया। देश का बहुसंख्यक समाज परलोक को अधिक महत्त्व देता था और इस लोक के प्रति उदासीन था। इस दृष्टि को बदलकर उन्हें जीवनोन्मुख बनाया। इस कार्य के लिए उन्होंने भगवद्गीता को नया अर्थ दिया और कर्मयोग के सिद्धांत को लोगों के सामने रखा, जो राष्ट्रीय पुनर्जागरण के कार्य में बड़ा ही महत्त्वपूर्ण और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। तब हालत कुछ ऐसे थे कि अपने समाज के दोष दिखाने और पाश्चात्य समाज, जीवन, विचार और कृतित्व का गुणगान करने में ही हमारे पढ़े-लिखे विचारक गौरव महसूस करते थे। भारत के बहुसंख्यक समाज की धर्म-प्रणाली, रीति-रिवाज़, समाज-व्यवस्था सभी उनकी दृष्टि में हेय थी। तिलक ने इस बात को समझा और अपने समाज, धर्म और इतिहास के प्रति लोगों का स्वाभिमान जगाया। इसी के साथ उन्होंने समाज के विभिन्न गुटों के मध्य उत्पन्न हुए विरोधों को दूर कर राष्ट्रीयता की भावना को पैदा किया और राष्ट्रीयता की भावना से ही पूर्ण स्वराज्य की मांग का उदय हुआ, जिसका प्रेरक वाक्य था-'स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है ।' | |
| | **II** | गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा-<br>(अ) तिलक का जीवन परिचय<br>(ब) स्वतंत्रता आंदोलन में तिलक का योगदान<br>(स) विकल्प (क) और (ख)<br>(द) इनमें से कोई नहीं | |
| | **III** | तिलक की राष्ट्रीयता की भावना किस रूप में प्रतिफलित हुई**?**<br>(अ) स्वराज्य की मांग के<br>(ब) पाकिस्तान की मांग के<br>(स) इंग्लैंड की मांग के<br>(द) उपरोक्त सभी | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | IV | ‘चेतन्यहीन’ से क्या तात्पर्य है**?**<br>(अ) आत्मविश्वास परिपूर्ण<br>(ब) चेतना विहीन<br>(स) विकल्प (क) और (ख)<br>(द) इनमें से कोई नहीं | |
| | V | भारतीयों की तुलना किससे की है**?**<br>(अ) गीले पत्ते<br>(ब) सूखे पत्ते<br>(स) मिट्टी<br>(द) पेड़ | |
| | VI | भारतीय पढ़े**-**लिखे विचारकों की दृष्टि में हेय क्या हेय था**?**<br>(अ) भारतीय रीति-रिवाज़<br>(ब) भारतीय समाज-व्यवस्था<br>(स) भारतीय धर्म-प्रणाली<br>(द) उपरोक्त सभी | |
| | VII | तिलक ने लोगों में कैसा स्वाभिमान जाग्रत किया**?**<br>(अ) राष्ट्रीय<br>(ब) अंतर्राष्ट्रीय<br>(स) विकल्प (क) और (ख)<br>(द) इनमें से कोई नहीं | |
| | VIII | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**-**<br>**(I)** देशवासियों के मन में यह बस चुका था कि अंग्रेज़ सदा के लिए शासन करने वाले हैं।<br>**(II)** देशवासियों के मन में यह बस चुका था कि अंग्रेज़ सदा के लिए शासन नहीं करने वाले हैं।<br>**(III)** देशवासियों के मन में यह बस चुका था कि अंग्रेज़ सदा से भारतीयों की मदद करते आए हैं।<br>उपरिलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?<br>(अ) केवल II<br>(ब) केवल III<br>(स) केवल I<br>(द) I और III | |
| | IX | राष्ट्रीय पुनर्जागरण के कार्य में क्या महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ **?**<br>(अ) जीवनोन्मुख दृष्टि<br>(ब) कर्मयोग के सिद्धांत<br>(स) विकल्प (क) और (ख)<br>(द) इनमें से कोई नहीं | |
| | X | तिलक का प्रेरक वाक्य क्या था**?**<br>(अ) बेड़ियों में रहना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है<br>(ब) स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है<br>(स) स्वराज की मांग  हमारा जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है<br>(द) स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है | |
| | | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए**-** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कथन **(A):** सामाजिक सौहाद्र के लिए विभिन्न गुटो मे बटे भारतीय समाज के अन्तर्विरोधो को दूर किया।<br>कारण **(R):** जिससे पूर्ण स्वराज की मांग का उदय हुआ।<br>(अ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं<br>(ब) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं<br>(स) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है<br>(द) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है | |
| | प्रश्न-**2.** | निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए**-** | **1 x 5=5** |
| | | जो बीत गई सो बात गई ।<br>जीवन में एक सितारा था ,<br>माना, वह बेहद प्यारा था,<br>वह डूब गया, तो डूब गया ।<br>अंबर के आनन को देखो,<br>कितने इसके तारे टूटे,<br>कितने इसके प्यारे छूटे,<br>जो छूट गए फिर कहाँ मिले<br>पर बोलो टूटे तारो पर<br>कब अंबर शोक मनाता हैं । | |
| | **I** | अबर को क्या-क्या सहन करना पड़ता है**?**<br>(अ)तारों का टूटना<br>(ब)प्रियजनों से दूरी<br>(स)सितारों से दूरी<br>(द)उपरोक्त सभी | |
| | **II** | अबर टूटे तारो पर शोक क्यों नहीं मनाता हैं**?**<br>(अ) बीती बातों पर दुखी होना उचित नही<br>(ब)अंबर तारो का टूटना रोज देखता है<br>(स)टूटना ही तारों की नियति है<br>(द)उपरोक्त सभी | |
| | **III** | 'कब अबर शोक मनाता हैं' पंक्ति मे कौन सा अलकार हैं **?**<br>(अ)अनुप्रास<br>(ब)यमक<br>(स)उपमा<br>(द)मानवीकरण | |
| | **IV** | इस पद्यांश मे कौन-सा छद प्रयुक्त हुआ हैं **?**<br>(अ)दोहा छंद<br>(ब)सोरठाछंद<br>(स)चौपाई छंद<br>(द)मुक्त छंद | |
| | **V** | कवि ने इस पद्यांश मे क्या सीख दी है **?**<br>(अ)कभी भी निराश नही होना चाहिए<br>(ब)प्रियजनों से बिछड़ना दुखद है<br>(स)जीवन कभी भी किसी के लिए रुकता नही है अत: समय के साथ परिवर्तन को स्वीकारना ही पड़ता है<br>(द)इस संसार के संबंध अस्थायी हैं | |
| | | अथवा | |
| | | मानता हूँ भूल हुई, खेद मुझे इसका<br>सौंपे वही कार्य उसे धार्य हो जो जिसका | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | मानता हूँ और सब, पर हार नहीं मानता<br>अपनी अगति नहीं आज भी मैं जानता<br>आज मेरा भूक्तोज्जित हो गया स्वर्ग भी<br>ले के दिखा दूँगा कल मैं अपवर्ग भी ।<br>तन जिसका हो मन और आत्मा मेरा है<br>चिंता नहीं बाहर उजेला या अँधेरा है ।<br>चलना मुझे है, बस अंत तक चलना ,<br>गिरना ही मुख्य नहीं मुख्य है संभलना ।<br>गिरना क्या उसका उठा ही नहीं जो कभी ?<br>मैं ही तो उठा था, गिरता हूँ जो अभी<br>फिर भी उठूँगा और बढ़के रहूँगा मैं<br>नर हूँ मनुष्य हूँ मैं बढके रहूँगा मैं ।<br>चाहे जहां मेरे उठने के लिए ठौर है<br>किंतु लिया भार आज मैंने कुछ और है<br>उठना मुझे ही नहीं बस एकमात्र रीते हाथ,<br>मेरा देवता भी उठे और ऊंचा उठे मेरे साथ। | |
| | I | वक्ता क्या मानने को तैयार नहीं है **?**<br>(अ)जीत<br>(ब) हार<br>(स) संघर्ष<br>(द) सभी | |
| | II | किसका गिरना अधिक चिंताजनक है **?**<br>(अ) जो गिर कर उठ जाता है<br>(ब) जो गिर कर उठता नहीं<br>(स) जो गिरना चाहता है<br>(द) सभी | |
| | III | वक्ता के अनुसार वह कौन है**?**<br>(अ) कर्मभोगी<br>(ब) कर्मयोगी<br>(स) प्रेमरोगी<br>(द) इनमें से कोई नहीं | |
| | IV | वक्ता के अनुसार क्या मुख्य है**?**<br>(अ) कर्म<br>(ब) संघर्ष | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (स) हिम्मत<br>(द) सभी | |
| | V | इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए ।<br>(अ) संघर्ष<br>(ब) दिखावा<br>(स) स्वार्थ<br>(द) त्याग | |
| | प्रश्न-3. | निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए- | 1 x 5=5 |
| | I | फ़ैशन, अमीरों की पार्टियों, महफ़िलों और जाने-माने लोगों के निजी जीवन के बारे में बताने वाली पत्रकारिता किस नाम से जानी जाती है ?<br>(अ)गरिमामयी पत्रकारिता<br>(ब)पेज थ्री पत्रकारिता<br>(स)खोजी पत्रकारिता<br>(द)विशेषीकृत पत्रकारिता। | |
| | II | हिंदी शब्दकोश में संयुक्त वर्ण होता है?<br>(अ)श<br>(ब)य<br>(स)ज्ञ<br>(द)ह | |
| | III | किसी समाचार संगठन के लिए एक निश्चित मानदेय पर काम करने वाले पत्रकार को क्या कहते हैं ?<br>(अ)स्वतंत्र पत्रकार<br>(ब)पूर्णकालिक पत्रकार<br>(स)स्ट्रिंगर<br>(द)फ्रीलांसर पत्रकार | |
| | IV | समाचार लेखन की प्रचलित शैली को किस नाम से जाना जाता है ?<br>(अ)उलटा पिरामिड शैली<br>(ब)सीधा पिरामिड शैली<br>(स)उलटा और सीधा पिरामिड शैली<br>(द)विवेचनात्मक शैली | |
| | V | समाचार माध्यमों में किसी समाचार को प्रकाशित या प्रसारित होने के लिए पहुचने की आखिरी समय-सीमा किस नाम से जानी जाती है ?<br>(अ)पूर्ण लाइन<br>(ब)हाफ लाइन<br>(स)डेड लाइन<br>(द)संपूर्ण लाइन | |
| | प्रश्न-4. | निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- | 1 x 5=5 |
| | | अपनी बस्तियों को<br>नंगी होने से<br>शहर की आबो-हवा से बचाएं उसे<br>बचाएं डूबने से<br>पूरी की पूरी बस्ती को<br>हड़िया में<br>अपने चेहरे पर<br>संथाल परगना की माटी का रंग<br>भाषा में झारखंडीपन | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | I | "आओ,मिलकर बचाए " कविता की कवयित्री का क्या नाम है ?<br>(अ) निर्मला पुतुल<br>(ब) राधिका गोस्वामी<br>(स) मीराबाई<br>(द) निर्मला सिंह | |
| | II | कवयित्री ने किस समाज को बेबाकी से प्रकट किया है?<br>(अ) मुंडा<br>(ब) भील<br>(स) कोंकणी<br>(द) संथाली | |
| | III | कवयित्री के अनुसार भाषा में कौन सा <u>पन</u> बचाना आवश्यक है?<br>(अ) संथाली<br>(ब) मारवाड़ी<br>(स) झारखंडी<br>(द) बांगडी | |
| | IV | कवयित्री आदिवासी संथाल बस्ती को किससे बचाने का आह्वान करती है?<br>(अ) शहरी अपसंस्कृति से<br>(ब) ग्रामीण संस्कृति से<br>(स) धर्म से<br>(द) घमंड से | |
| | V | कविता में "नंगी होना" से कवयित्री का क्या अभिप्राय है ?<br>(अ) मर्यादाहीन होना<br>(ब) वस्त्रहीन होना<br>(स) रंगीन वस्त्र पहनना<br>(द) वृक्षों से विहीन होना | |
| | प्रश्न-5. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- | 1 x 5=5 |
| | | माई लार्ड का देश देखने का इस दीन ब्राह्मण को कभी इस जन्म में सौभाग्य नहीं हुआ। इससे नहीं जनता कि वहां बिछड़ने के समय लोगों का क्या भाव होता है ।पर इस देश के पशु – पक्षियों को भी बिछड़ने के समय उदास देखा है । एक बार शिवशंभु की दो गायें थीं , उनमें एक अधिक बलवाली थी। वह कभी – कभी अपने सींगों की टक्कर से दूसरी कमजोर गाय को गिरा देती थी। एक दिन वह टक्कर मारने वाली गाय पुरोहित को दे दी गई ।देखा कि दुर्बल गाय उसके चले जाने से प्रसन्न नहीं हुई, वरंच उस दिन वह भूखी खड़ी रही, चारा छुआ तक नहीं । माई लार्ड! जिस देश के पशुओं के बिछड़ते समय यह दशा होती है ,वहाँ मनुष्यों की कैसी दशा हो सकती है , इसका अंदाज़ा लगाना कठिन नहीं है। | |
| | I | "विदाई – सभाषण" बाल मुकुद गुप्त जी के किस कृति का एक अंश है ?<br>(अ) चिट्ठे और ख़त<br>(ब) शिवशंभु के चिट्ठे<br>(स) खेल तमाशा<br>(द) शिवशंभु की कहानी | |
| | II | "विदाई – संभाषण" पाठ में लार्ड कर्जन किस पद पर आसीन थे ?<br>(अ) गवर्नर जनरल<br>(ब) वायसराय<br>(स) महाराजा<br>(द) सुपरिटेंडेंट | |
| | III | दुर्बल गाय बलशाली गाय के चले जाने से प्रसन्न नहीं हुई -इस कथन में दुर्बल गाय से क्या आशय है ?<br>(अ) इंग्लैंड की जनता<br>(ब) भारतीय जनता | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (स) सम्राट एडवर्ड<br>(द) लार्ड कर्जन | |
| | **IV** | "विदाई सभाषण" शीर्षक निबंध की शैली क्या है ?<br>(अ) व्यंग्यात्मक<br>(ब) तथ्यात्मक<br>(स) विवेचनात्मक<br>(द) विश्लेषणात्मक | |
| | **V** | लार्ड कर्जन का स्वभाव कैसा था?<br>(अ) उदार<br>(ब) विनम्र<br>(स) मधुर<br>(द) ज़िद्दी | |
| | प्रश्न-6. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्पों को चुनकर लिखिए- | **1 x 10=10** |
| | **I** | लता के गाने की निम्न में से कौन सी विशेषता नहीं है ?<br>(अ)शास्त्रीय संगीत की जटिलता<br>(ब)गानपन<br>(स)स्वरों की निर्मलता<br>(द)नादमय उच्चार | |
| | **II** | गाने का ऐसा अदाज जो आम आदमी को भाव विभोर कर दे, क्या कहलाता है ?<br>(अ) मुग्धता<br>(ब) नादमय उच्चारण<br>(स) गानपन<br>(द) सभी | |
| | **III** | <u>कथन</u> - आजकल घरों में सुनाई देने वाले बच्चों के गाने में बड़ा अंतर हो गया है। आजकल के नन्हे –मुन्हे भी स्वर में गुनगुनाते हैं ।<br>कारण-लता इस जादू का कारण है ।<br>(अ)कथन सही व कारण गलत है ।<br>(ब)कथन गलत व कारण सही है ।<br>(स)कथन व कारण दोनों सही है ।<br>(द)कथन व कारण दोनों गलत है । | |
| | **IV** | "राजस्थान की रजत बूंदें" नामक पाठ के लेखक कौन हैं ?<br>(अ) कुमार गंधर्व<br>(ब) अनुपम मिश्र<br>(स) रामजीत मिश्र<br>(द) बेबी हालदार | |
| | **V** | 'कुंई' शब्द का तात्पर्य है ?<br>(अ)गहरा स्थान<br>(ब)खुला स्थान<br>(स)छोटा सा कुआँ<br>(द)गहरा कुआँ | |
| | **VI** | कुंई के पानी को साफ रखने के लिए उसे किसके ढक्कन से ढका जाता है ?<br>(अ)स्टील<br>(ब)ताँबा<br>(स)लकड़ी<br>(द)पत्थर | |
| | **VII** | 'आलो आंधारि' पाठ के रचयिता कौन है?<br>(अ)कुमार गंधर्व<br>(ब)अनुपम मिश्र<br>(स) बेबी हालदार | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (द) इनमें से कोई नहीं | |
| | VIII | बेबी हालदार कितनी पढ़ी लिखी थी?<br>(अ) चौथी तक<br>(ब) पाँचवी तक<br>(स) छठी तक<br>(द) सातवीं तक | |
| | IX | बेबी हालदार को काम दिलवाने में किस युवक ने मदद की थी?<br>(अ) सुनील<br>(ब) भोला दा<br>(स) उसके भाई<br>(द) इनमें से कोई नहीं | |
| | X | बेबी हालदार से पहले तातुश के घर मे काम करने वालों को कितना वेतन मिलता था?<br>(अ) ₹500<br>(ब) ₹800<br>(स) ₹1000<br>(द) ₹1200 | |
| | | खंड -ब (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| | प्रश्न-7. | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **120** शब्दों मे रचनात्मक लेख लिखिए-<br>(अ)महिलाओं का राजनीति में प्रवेश-एक चुनौती<br>(ब)जब मुझे ओलंपिक में स्वर्ण पदक मिलता<br>(स)विज्ञापनों से घिरा हमारा जीवन<br>(द)बरसात का एक दिन | 5 |
| | प्रश्न-8. | आपके क्षेत्र में कृषि योग्य भूमि पर अनाधिकृत कालोनिया बसाई जा रही है ।इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>आजकल मिलावट का धंधा ज़ोरों पर है। व्यापारी अधिक मुनाफा कमाने के लिए हर वस्तु में मिलावट करने लगे हैं ।इसकी शिकायत करते हुए अपने जिले के जिला खाद्य निरीक्षक को एक पत्र लिखिए। | 5 |
| | प्रश्न-9. | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए-<br>(अ)डायरी लिखते समय किन-किन बांतो का ध्यान रखना चाहिए ?<br>(ब) पटकथा लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है और क्यों?<br>(स)नाटक और फ़िल्म की पटकथा में क्या अंतर होता हैं ? स्पष्ट कीजिए । | 2×3=6 |
| | प्रश्न-10. | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए-<br>(अ)स्ववृत्त लेखन से आप क्या समझते हैं और नियोक्ता पर आपके सवावृत्त का क्या प्रभाव पड़ता है ?<br>(ब)निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के अनुसार क्रम से लिखिए-<br>अलका, यमुना,समझ, शरीर,घड़ी<br>(स)स्ववृत्त के साथ-साथ आवेदन-पत्र की क्या आवश्यकता होती है? | 2×2=4 |
| | प्रश्न-11. | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए-<br>(अ)मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं ?वह रूप कैसा है ?<br>(ब)"घर की याद" कविता में पानी के रात भर गिरने और प्राण-मन के घिरने में परस्पर क्या संबंध है ?<br>(स)"सबसे खतरनाक" कविता में कवि ने किस आशय से मेहनत की लूट,पुलिस की मार और गद्दारी-लोभ को सबसे खतरनाक नहीं माना है ? | 2×3=6 |
| | प्रश्न-12. | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए-<br>(अ)आओ मिलकर बचाएं कविता के अनुसार "इस दौर में भी बचाने को बहुत कुछ बचा है'-से क्या आशय है? | 2×2=4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (ब) आशय स्पष्ट करें:<br>तेरा निज़ाम है सिल दे ज़ुबान शायर की,<br>ये एहतियात ज़रूरी है इस बहर के लिए।<br>(स)"चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती" कविता की नायिका चंपा किसका प्रतिनिधित्व करती है? | |
| | **प्रश्न-13.** | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए-<br>(अ)मियां नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है ?<br>(ब)पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ?<br>(स)शिव शंभू की दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? | **2×3=6** |
| | **प्रश्न-14.** | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए-<br>(अ)यदि आप माली की जगह पर होते, तो हुकूमत के फैसले का इंतजार करते या नहीं? अगर हाँ, तो क्यों? और नहीं, तो क्यों? "जामुन का पेड़" पाठ के आधार पर बताइए ।<br>(ब)भारत माता के प्रति नेहरू जी की क्या अवधारणा थी?<br>(स)जब किसी का बच्चा कमज़ोर होता है, तभी उसके माँ-बाप ट्यूशन लगवाते हैं। अगर लगे कि कोई टीचर लूट रहा है, तो उस टीचर से न ले ट्यूशन, किसी और के पास चले जाएं . यह कोई मजबूरी तो है नहीं-प्रसंग का उल्लेख करते हुए "रजनी" पाठ के आधार पर बताएं कि यह संवाद आपको किस सीमा तक सही या गलत लगता है, तर्क दीजिए। | **2×2=4** |